# 456 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। अब तक 456 मवेशियों को जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। मंगलवार को आठ मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

नई दुनिया

23-12-2020

# 448 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

23-12-2020

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं मे भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 19 दिसम्बर तक 446 मवेशियों को पकड़कर जिले की

के तहत 21 दिसम्बर सोमवार को 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालको के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम

(17)

## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये


इन्दौर समाचार 23-12-2020

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलाव जलाये गये।

इन्दौर समाचार
23-12-2020

# लगातार दूसरे दिन भी दिन व रात के तापमान में आया उछाल

### मौसम : अधिकतम तापमान 27.0 व न्यूनतम 8.7 डिग्री सेल्सियस



रतलाम में सार्वजनिक स्थान पर अलाव तापते हुए नागरिक। • नईदुनिया 23-12-20

**एक नजर तापमान की चाल पर**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 22 दिसंबर | 27.0 | 8.7 |
| 21 दिसंबर | 26.2 | 8.0 |
| 20 दिसंबर | 25.2 | 7.5 |
| 19 दिसंबर | 24.0 | 8.0 |
| 18 दिसंबर | 23.2 | 8.2 |
| 17 दिसंबर | 22.6 | 9.6 |
| 16 दिसंबर | 22.6 | 11.4 |

**रतलाम।** लगातार गिरावट के बाद दो दिन से तापमान में उछाल आ रहा है। इससे जिलेवासी सर्दी से कुछ राहत महसूस कर रहे हैं। मंगलवार को दिनभर सूरज की तेजी रही। रात में सर्द हवाएं चलने से वातावरण में ठंडक घुल गई। सर्दी से बचाव के लिए जगह-जगह अलाव जलाए गए।

दो दिन से मौसम के मिजाज फिर से बदल गए हैं। मंगलवार को शहर सहित अंचल में सुबह देर तक कोहरा छाया रहा। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकतम तापमान 27.0 व न्यूनतम 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में जहां 0.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 0.7 डिग्री सेल्सियस का उछाल आया। तापमान में उछाल से जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। सुबह की आर्द्रता 73 व शाम की 61 प्रतिशत रही, जो सोमवार को क्रमशः 71 व 62 रही थी।

नई दुनिया

8

# कर जमा करने के लिए नौ दिन शेष

रतलाम. नगर निगम द्वारा पिछले 56 दिन से जारी कर वसूली शिविर में 23 करोड़ रुपए के मुकाबले मात्र 63 लाख रुपए जमा हुए हैं। इसमे भी 13 करोड़ संपत्तिकर के मुकाबले 47.38 लाख व 10 करोड़ जलकर के मुकाबले 16.02 लाख रुपए ही शिविर में आए हैं। नगर निगम ने 26 अक्टूबर से शहर में कर वसूली शिविर को शुरू किया हुआ है। अब तक 56 दिन में नगर निगम ने मात्र 63 लाख रुपए रुपए ही कर वसूला है। जबकि लक्ष्य 23 करोड़ रुपए का है। वार्ड वार आयोजित किये गए वसूली शिविर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 23 से 24 दिसम्बर को शास्त्री नगर सेन्ट्रल बैंक के पास शिविर का आयोजन होगा।

पत्रिका 23-12-2020

पत्रिका
23-12-2020

# आज शास्त्रीनगर में लगेगा बकाया वसूली शिविर, अधिभार में ले सकेंगे छूट

नई दुनिया 23-12-20

रतलाम। कोरोना संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्रायः रोजगार में कमी, उद्योग-धंधे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 दिसंबर तक छूट दी जा रही है।

इसके लिए नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधित करों की बकाया राशि जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं।

शिविर में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि एक मुश्त जमा कर अधिभार में छूट का लाभ ले सकते हैं।

वार्ड क्रमांक 33, 34, 35 के लिए 23 से 24 दिसंबर को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33, 34 के लिए 26 व 28 दिसंबर को दो बत्ती चौराहा व वार्ड क्रमांक 30, 31, 32, 34 के लिए 29 से 30 दिसंबर को स्टेशन रोड दिल बहार चौराहा पर कार्यालयीन समय में शिविर लगेंगे।

# कार्य से अनुपस्थित 6 कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त

रतलाम. नगर निगम के उद्यान, स्वास्थ्य व प्रकाश विभाग के ऐसे कर्मचारी जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित है ऐसे कर्मचारियों को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया। प्रकाश विभाग के स्थायीकर्मी अखिलेश निमावत जिनकी ड्यूटी बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माना किये जाने हेतु लगाई गई थी किन्तु संबंधित द्वारा विगत 15 दिनों से सौंपे गये दायित्वों का पालन नहीं किये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया। इसी तरह उद्यान विभाग के माली अंसार-अकबर अली जो कि विगत 5 दिनों से बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सिविक सेंटर शौचालय पर अशोक-छोटेलाल स्थाई कर्मी, बिरियाखेड़ी शौचालय पर शिव-भानुलाल, मनोज-प्रभुलाल गैंगकर्मी व धीरज-रमेश 30 दिवस सफाई संरक्षक द्वारा उपस्थित नहीं पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

पत्रिका 23-12-2020

पत्रिका

# कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित छह कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त

रतलाम। नगर निगम के उद्यान, स्वास्थ्य व प्रकाश विभाग के ऐसे कर्मचारी जो बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित है, उन्हें आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया। प्रकाश विभाग के स्थायीकर्मी अखिलेश निमावत जिनकी ड्यूटी बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माना किए जाने हेतु लगाई गई थी, लेकिन संबंधित द्वारा विगत 15 दिनों से सौंपे गए दायित्वों का पालन नहीं किए जाने पर सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया।

इसी तरह उद्यान विभाग के माली अंसार-अकबर अली को गत पांच दिनों से बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा निगम आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सिविक सेंटर शौचालय पर अशोक-छोटेलाल स्थायीकर्मी, बिरियाखेड़ी शौचालय पर शिव-भानुलाल, मनोज-प्रभुलाल गैंगकर्मी व धीरज-रमेश 30 दिवस सफाई संरक्षक को उपस्थित नहीं पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

नई दुनिया 23-12-2020

नई दुनिया

23-12-2020

# सैर-सपाटा के साथ बोट राइडिंग का भी मजा ले सकेंगे पर्यटक

## बारह दिवसीय पर्यटन महोत्सव 25 दिसंबर से, पहाड़ियों पर साइकिलिंग के इंतजाम, रोमांचक व साहसिक गतिविधियां देख सकेंगे

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर व जिलेवासियों के मनोरंजन, रोमांच के लिए जिला मुख्यालय से करीब 27 किमी दूर स्थित धोलावड़ डैम व आसपास की पहाड़ियों पर 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक विभिन्न रोमांचक एवं साहसिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। धोलावड़ ईको टूरिज्म पार्क में पर्यटक सैर सपाटे के साथ बोट राइडिंग, बनाना राइड, साइकिलिंग सहित अन्य गतिविधियों का मजा ले सकेंगे।

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बताया कि धोलावाड़ इको टूरिज्म पार्क में 25 दिसंबर से आयोजित हो रहे 12 दिवसीय पर्यटन महोत्सव के दौरान बोट राइड, वाटर स्कूटर बनाना राइड, वाटर जोर्बिंग इन माउंटेन बाइकिंग, साइकिलिंग बैलेंस द रो, टावर क्राल, मंकी क्राल, वेली क्रॉसिंग, तीरंदाजी, पेंट बाल आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी। आइलैंड पर वीआइपी टेंट कैंपिंग तथा सामान्य टेंट कैंपिंग की भी व्यवस्था की गई है।



प्रतिदिन रतलामवासियों के कंठ तर करने वाला धोलावड़ जलाशय। नईदुनिया 23-12-2020

**वर्ष 2017 में हुई थी शुरुआत**

धोलावड़ इको टूरिज्म पार्क की शुरुआत वर्ष 2017 में तत्कालीन कलेक्टर बी चंद्रशेखर द्वारा की गई थी। तब इन गतिविधियों से करीब 22 लाख रुपये की आय हुई थी। बाद में जिला पर्यटन विकास परिषद की बैठक में पीपीपी में इन गतिविधियों को संचालित करने का निर्णय किया गया था, लेकिन अमल नहीं हो पाया।

**10 से 100 रुपये का शुल्क**

महोत्सव में प्रति व्यक्ति प्रवेश शुल्क 10 रुपये रहेगा। चार पहिया वाहन के 20 रुपये, बस, मिनी बस पार्किंग 50 रुपये प्रति वाहन रहेगी।

**टेंट कैंपिंग में दो व्यक्तियों के लिए देना होंगे 5000 रुपये**

पर्यटन महोत्सव में आइलैंड पर वीआइपी टेंट कैंपिंग के लिए 5000 रुपये प्रति टेंट अधिकतम दो व्यक्ति के लिए निर्धारित रहेंगे। इस पैकेज में चाय, नाश्ता, भोजन एवं पार्किंग की गतिविधियां शामिल है। इसी प्रकार सामान्य टेंट कैंपिंग में एक व्यक्ति के 2000, दो व्यक्तियों के लिए 2500 तथा तीन व्यक्तियों के लिए 3000 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। इस पैकेज में चाय, नाश्ता, भोजन एवं पार्किंग की गतिविधियां शामिल है।

पर्यटन महोत्सव में गतिविधियों के लिए निर्धारित शुल्क के अंतर्गत प्रति व्यक्ति वाटर स्कूटर 100 रुपये, बोट राइड, बनाना राइड, वाटर जॉर्बिंग बॉल, वेली क्रॉसिंग, माउंटेन बाइकिंग, तीरंदाजी, पेंट बाल के लिए 50-50 रुपये तथा साइकिलिंग के 20, बैलेंस द रोप 10 रुपये, टावर क्रॉल 10, मंकी क्रॉल का शुल्क 20 रुपये निर्धारित किया गया है। भोजन के लिए 150 रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क रहेगा।

नई दुनिया
23-12-2020

# संपत्तियों को अपने नाम करवाएगा नगर निगम

## राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में अभी मप्र शासन के नाम पर है

23-12-2020

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम सीमा में स्थित निगम की संपत्तियों का नामांतरण अब निगम के नाम पर कराया जाएगा। अभी इन संपत्तियों का स्वामित्व, संधारण निगम के पास ही है, लेकिन राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में इनका स्वामित्व मप्र शासन के नाम पर है। इसके चलते इन भूमियों, संपत्तियों पर विकास योजनाओं, दुकान, कॉम्प्लेक्स निर्माण आदि को लेकर कई बार प्रक्रिया में पेंच फंस जाता है। हाल ही में प्रदेश शासन द्वारा भूमि प्रवर्तन के नए नियम जारी किए हैं। इसमें निगम सहित सभी शासकीय विभागों को उनकी संपत्तियां अपने नाम पर निशुल्क नामांतरित करने का प्रावधान किया गया है।

नए नियमों के मान से निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने सबसे पहले राजस्व विभाग में प्रक्रिया पूरी की। निगम का वर्तमान भवन, महापौर निवास, आयुक्त निवास सहित कई संपत्तियां शासन के नाम पर हैं। सिविक सेंटर की दुकानों, फ्लैट आदि के विक्रय में भी इसी आधार पर प्रक्रिया अटक गई थी। अब निगमायुक्त द्वारा दिए गए आवेदन पर सबसे पहले शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक



रतलाम नगर निगम भवन। ● फाइल फोटो

> शासन के नए नियमों के मान से निगम संपत्तियों के नामांतरण की प्रक्रिया की जा रही है। नामांतरण निशुल्क होगा।
>
> –सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

377 रकबा 1.30 हेक्टेयर निगम कार्यालय भवन के लिए आवंटन किए जाने पर किसी को आपत्ति होने पर सात दिन में आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए नजूल अधिकारी ने विज्ञप्ति जारी की है।

### यह सुविधा होगी

- निगम के पुराने चुंगी नाके, रिक्त भूमि, कॉम्पलेक्स, भवन, आवासीय परिसर आदि का नामांतरण निगम के नाम होने के बाद भविष्य में किसी भी योजना के क्रियान्वयन को लेकर स्वामित्व स्पष्ट होने से प्रक्रिया में रुकावट नहीं आएगी।
- निगम से राजस्व विभाग को भू-भाटक की राशि देने में भी कोई अड़चन नहीं रहेगी।

नई दुनिया

23-12-2020

भास्कर 23-12-2020

# 576 शिकायतें निपटाकर नगर निगम नंबर वन

रतलाम | सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम ने प्रदेश के 15 नगर निगम को पछाड़ कर नंबर वन पायदान पर पहुंच गया है। नगरीय प्रशासन विभाग की रैंकिंग में सिंगरौली दूसरे और ग्वालियर तीसरे नंबर पर है। यह रैंकिंग 1 से 30 नवंबर तक आई शिकायतों और उसके निराकरण के आधार पर मिली है। इसके अनुसार नवंबर में नगर निगम को 576 शिकायतों में जिसमें से 90.75 प्रतिशत का निराकरण किया। खास बात यह है कि अक्टूबर की रैंकिंग में नगर निगम सबसे फिसड्डी रहा था। आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार शिकायतों के निराकरण के लिए एक पूरा सिस्टम डेवलप किया है। लगातार मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। इसके फलस्वरूप यह रैंकिंग मिली है।

**हमारा शहर ऐसे बना नंबर वन**

| | |
|---|---|
| शिकायतें आई | 576 |
| संतुष्टि के साथ बंद | 46.18 |
| 100 से अधिक लंबित | 9.85 |
| निम्न गुणवत्ता से बंद | 10 |
| नोट अटेंडेट | 7.34 |
| मान्य/अमान्यशिकायतें | 10 |
| कुल वेटेज स्कोर | 90.75 |

दै. भास्कर

23-12-2020

**बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को कहा इसी तरह काम हो**

# सीएम हेल्पलाइन शिकायत हल करने की ग्रेडिंग में नगर निगम नंबर एक पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 23-12-2020



रतलाम. नगर निगम सीएम हेल्पलाइन शिकायत के समाधान करने के मामले में ग्रेडिंग में एक नंबर पर आया है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इस मामले में मंगलवार को साप्ताहिक बैठक में विभाग के अधिकारियों को इसी तरह कार्य करने की सलाह दी है।

आयुक्त झारिया ने सीएम हेल्प लाईन शिकायत निराकरण ग्रेडिंग में नगर निगम रतलाम नम्बर 1 आने पर सभी को बधाई प्रेषित कर कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में इसी तत्परता, लगन से कार्य कर रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाये। बैठक में 100

शिकायतों की समीक्षा कर शिकायतों का निराकरण 7 दिवस में ऑन लाईन कराये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। सीएम

शिकायत उच्च स्तर पर दर्ज ना हो सके। इसके अलावा विभिन्न आयोग, पीएम, सीएम कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का समय पर

नई दुनिया 23-12-2020

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 10 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर मनीष जायसवाल सैलाना रोड पर 1000, कालू-भूरिया, सद् गुरु कृपा मार्बल, बालाजी ऑटो पाटर्स सैलाना रोड पर 500-500, अकरम भाई, बुरहानी हार्ड वेयर गीता मंदिर रोड, अवतार, कालुसिंह, सौदान पर 250-250 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया

23-12-2020

# ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगे 40 कंपोस्ट पैड, कचरे से अब हर 25 दिन में बनेगी 90 किलो खाद

## कल्चर डालकर सिर्फ दो बार पलटना होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

23-12-2020

मार्च में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में 500 अंक पक्के करने के लिए जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे से खाद बनाने का जतन शुरू हो गया है। यह कम्पोस्ट विधि से बनेगी। इसके लिए नगर निगम ने ट्रेंचिंग ग्राउंड में 40 कंपोस्ट पैड लगाए हैं। 25 दिन में इन कंपोस्ट पैड में 90 किलो खाद बन जाएगी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कंपोस्ट पैड बगीचों में लगाने की योजना है।

कचरा कलेक्शन गाड़ियों के मार्फत वर्तमान में रोजाना करीब 82 से 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंच रहा है।



कंपोस्ट पैड लगाने के बाद कचरा डालते निगमकर्मी।

### ऐसे बनती है खाद

- पैड में पेड़-पौधों, फूल पत्तियों, सब्जियों सहित अन्य सूखा व गीले कचरे को डाला जाता है।
- दो-तीन दिन सूखने के बाद इसमें कल्चर मिलाया जाता है।
- एक सप्ताह में दो बार पलटने के बाद इसे छोड़ दिया है।
- 25 वें दिन खाद बन जाती है।

### 6 साल में दो बार कोशिश लेकिन नहीं मिली सफलता

- **सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट क्लस्टर :** 2014 से शुरू हुआ फंडा 2019 में फेल हो गया। इसमें रतलाम, झाबुआ, मंदसौर और धार जिले के 22 शहरों का 308 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड के लैंड फिल इंट्रीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट क्लस्टर तक लाकर पांच मेगावॉट बिजली उत्पादन करना था। दो बार टेंडर निकले। किसी कंपनी के रुचि नहीं दिखाई।
- **कचरा प्रबंधन प्लांट :** 5 बीघा वाले ट्रेंचिंग ग्राउंड में 21.67 करोड़ से पीपीपी मोड पर लगाने की योजना है। 2019 में निगम ने प्रोजेक्ट भोपाल भेजा था। अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली।

दै. भास्कर

23-12-2020



# कालिकामाता मंदिर परिसर में आने वाले लोगों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

21/01 (अग्निपथ) 2 कू.

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाए जाने के प्रयासों में तेजी आ रही है। हर दिन शहर में कई स्थानों को कचरा मुक्त किया जा रहा है। इन कचरा मुक्त स्थानों पर सफाई मित्र समूह के माध्यम से आकर्षक रांगोली का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। निगम प्रशासन के इन्ही प्रयासों की कड़ी में शहर के कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली निर्माण का कार्य निरन्तर जारी है। ये कार्य लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है और नागरिक कहने लगे है कि सभ्य समाज का उत्तरदायित्व है, कि वह कचरा प्रबंधन और निस्तारण के मूलभूत सिद्धांतों को जाने, समझे और उसपर अमल करे। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के इस महाभियान में जाति, धर्म, सम्प्रदाय आदि समस्त विभेदों से ऊपर उठ कर प्रत्येक जन और समाज के हर वर्ग का योगदान होना चाहिए। संत महात्माओं को समाज मे स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता की अलख जगानी चाहिए राजनीतिक दलों को परस्पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के द्वारा जन जन को इस हेतु प्रशिक्षित करना चाहिए यह शहर सबका है, यह शहर सबके लिए है इसका स्वच्छ स्वरुप सबके द्वारा ही निखरेगा। रतलाम को प्रदेश और देश मे अलग पहचान दिलाने के लिए नगर पालिक निगम ने